**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4854**

**जिसका उत्तर 11 फरवरी, 2021 को दिया जाना है।**

.....

**राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण प्रबंधन कार्यक्रम**

**4854. श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण प्रबंधन कार्यक्रम (एनएक्यूयूआईएम) को कार्यान्वित किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार का भूजल प्रबंधन की योजनाओं को विकसित करने के लिए जलभृत का चित्रण और वर्णन करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्सबधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने उक्त योजना के अंतर्गत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)**

**(क) से (ग)** केन्द्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम (एनएक्यूयूआईएम) भूजल संसाधनों के सतत प्रबंधन को सुगम बनाने के लिये जलभृत प्रबं योजनाओं के लिये जलभृतों (जल वाली फार्मेशन), उनके निरूपण और विकास मानचित्रण की परिकल्पना का कार्यान्वयन कर रहा है।

देश में सतत भूजल प्रबंधन के लिये जलभृतों की रूपरेखा और निरूपण तथा उनके विकास की योजना तैयार करने के उद्देश्य से "भूजल प्रबंधन तथा विनियमन" के एक अंश की रूप में 2012 में एनएक्यूयूआईएम की शुरूआत की गई थी।

**(घ)** इस कार्यक्रम के अंतर्गत सीजीडब्ल्यूबी द्वारा कवर किये जाने वाले देश के लगभग 33 लाख वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र में से लगभग 25 लाख वर्ग किलोमीटर के मानचित्र योग्य क्षेत्र को चिन्हित किया गया है। अब तक 15.57 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र कवर किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कवर किये गये राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार क्षेत्रों को **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**(ड.)** शेष क्षेत्र को मार्च, 2013 तक कवर किये जाने का लक्ष्य है।

**अनुलग्नक**

**"एनएक्यूयूआईएम" के संबंध में दिनांक 25.03.2021 उत्तर दिये जाने वाले लोकसभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 4854 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रवार क्षेत्र (वर्ग किलोमीटर में) जिनके लिये जलभृत मानचित्रों को तैयार किया गया है और प्रबंधन योजनाओं को विकसित किया गया है:

| क्रमांक | राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश का नाम | क्षेत्र जिनके लिए जलभृत मानचित्रों और प्रबंधन योजनाओं को विकसित किया गया (वर्ग किमी) |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 800 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 74785 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 5502 |
| 4 | असम | 26077 |
| 5 | बिहार | 26557 |
| 6 | चंडीगढ़ | 115 |
| 7 | छत्तीसगढ | 52546 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 490 |
| 9 | दमन और दीव | 0 |
| 10 | दिल्ली | 1483 |
| 11 | गोवा | 3702 |
| 12 | गुजरात | 99177 |
| 13 | हरयाणा | 44179 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 7875 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 9506 |
| 16 | झारखंड | 30741 |
| 17 | कर्नाटक | 118236 |
| 18 | केरल | 24126 |
| 19 | लक्षद्वीप | 32 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 119240 |
| 21 | महाराष्ट्र | 184194 |
| 22 | मणिपुर | 2559 |
| 23 | मेघालय | 9217 |
| 24 | मिजोरम | 700 |
| 25 | नगालैंड | 910 |
| 26 | ओडिशा | 57981 |
| 27 | पुड्डुचेरी | 454 |
| 28 | पंजाब | 50368 |
| 29 | राजस्थान | 216430 |
| 30 | सिक्किम | 280 |
| 31 | तमिलनाडु | 104391 |
| 32 | तेलंगाना | 77521 |
| 33 | त्रिपुरा | 6757 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 157117 |
| 35 | उत्तराखंड | 7811 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 35185 |
| | कुल | **1557044** |

****